आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 11.04.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश सरकार ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नंदा देवी राज जात यात्रा की भव्यता और सुचारु संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों और मार्गों पर स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिये।
- मॉनसून सीजन में देहरादून का आईएसबीटी चौक अब जलमग्न नहीं होगा, नए ड्रेनेज सिस्टम का काम शुरू।
- मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई।

## मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नंदा देवी राजजात यात्रा की भव्यता, सुरक्षा और सुचारु संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वे आज सचिवालय में नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यात्रा मार्ग की मरम्मत, स्वच्छता, सुरक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती करने, यात्रा मार्ग को प्लास्टिक मुक्त घोषित कर प्रदेश की सांस्कृतिक झलकियों से संजोने, बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी और आपदा प्रबंधन टीमों की तैनाती के संबंध में भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंडियों और ट्रैकर्स को भी यात्रा से जोड़ने, विशेष टूर पैकेज तैयार कर व्यापक प्रचार–प्रसार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे अधिक संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा का हिस्सा बन सकें। उन्होंने कहा कि नंदा देवी राज जात यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि हमारी आस्था, सांस्कृतिक गौरव और जनमानस की श्रद्धा का दिव्य संगम है।

## स्वास्थ्य मंत्री बैठक

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चार धाम यात्रा के दृष्टिगत आज रुद्रप्रयाग में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों और मार्गों पर स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिये। उन्होंने यात्रा मार्ग पर एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित रेस्पॉन्स टाइम कम से कम करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा इकाइयों में दवाएं और ऑक्सीजन सिलेंडर सहित जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा में तीर्थ यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पडे, इसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया गया है।

## पिंक टॉयलेट पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ नगर निगम की मेयर कल्पना देवलाल और जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने भाटकोट तिराहे के पास नगर के पहले पिंक टॉयलेट का लोकार्पण किया। पिंक टॉयलेट में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट फीडिंग रूम के साथ ही दिव्यांगजनों के लिए भी टायलेट की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर नगर निगम की मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि उनके घोषणा पत्र में नगर के लिए 5 पिंक टायलेट का वादा किया गया था, जिसमें से पहला पिंक टायलेट आज जनता को समर्पित किया गया है और जल्द ही अन्य टॉयलेट भी शीघ्र बनाए जाएंगे।

वहीं, जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि पिंक टॉयलेट के बन जाने से बाजार में आने वाली महिलाओं के साथ ही दिव्यांगजनों को भी सुविधा मिलेगी।

## वेव्स

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रचनात्मक क्षेत्र से उभरती अर्थव्यवस्था में महाराष्ट्र और मुम्बई का विशेष महत्व है। तेजी से बदलती टैक्नोलॉजी के दौर में इसे बनाए रखने के लिए मुम्बई में वेव्स 2025 आयोजित किया जा रहा है। श्री वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मुम्बई में वेव्स के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री फडणवीस ने बताया कि वेव्स इस क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा सम्मेलन है।
एसोसिएशन ऑफ बैंगलोर एनिमेशन इंडस्ट्री ने वेव्स चैलेंज के तहत आठ घंटे की मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की है, जिसमें दक्षिण क्षेत्र से वीएफएक्स चैलेंज के लिए फाइनलिस्टों का चुनाव होगा। वेव्स शिखर सम्मेलन अगले महीने मुंबई में आयोजित किया जाना है।

## आईएसबीटी ड्रेनेज

मॉनसून सीजन में देहरादून का आईएसबीटी चौक अब जलमग्न नहीं होगा। जिला प्रशासन की ओर से स्मार्ट सिटी से नया ड्रेनेज सिस्टम निर्माण का काम शुरू हो गया है और जल्द ही इसे पूरा किया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बसंल ने शिमला बाईपास, आईएसबीटी ड्रेनेज कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को कार्यों को युद्धस्तर पर करने और इसकी निगरानी के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी बजट में योजना के निर्माण के साथ ही इसके रख–रखाव का प्रावधान भी किया है। आईएसबीटी में जलभराव की समस्या दूर होने से आम जनता और यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं की संभावना जताई है। विभाग ने इस दौरान कई जगहों पर तेज बारिश के साथ बिजली गिरने और ओले पड़ने की चेतावनी दी है। साथ ही 50 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 12 अप्रैल के बाद कुछ दिन मौसम साफ रहेगा।

## दून योग दिवस

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में आयोजित 11वें दून योग महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने में सहायक है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और निरोगी जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। वहीं, खेल मंत्री रेखा आर्या ने महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि योग के जरिए भारत की संस्कृति और परंपरा दुनिया के कोने–कोने में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिट इंडिया मूवमेंट भी योग और खेल के माध्यम से बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करेगा। खेल मंत्री ने इस अवसर पर मौजूद लोगों से अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन एक घंटा योग और खेलों को देकर शरीर को स्वस्थ रखने का आह्वान किया।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक कोको रोसे ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने निदेशक से टाइगर रिजर्व में चल रही वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, ईको–टूरिज्म को प्रोत्साहित करने की पहलों और पर्यावरणीय जागरूकता अभियानों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजाजी टाइगर रिजर्व जैसे स्थलों का अधिकतम प्रचार–प्रसार किए जाने पर बल दिया, ताकि देश–विदेश से अधिक संख्या में पर्यटक यहाँ आएं। इससे न केवल राज्य का पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**महालेखाकार कार्यभार**

मोहम्मद परवेज आलम ने हाल ही में देहरादून में महालेखाकार उत्तराखंड के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। श्री आलम भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा के 2008 बैच के अधिकारी हैं और उन्हें अगले आदेश तक महालेखाकार उत्तराखंड के कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इससे पहले श्री आलम बिहार, झारखंड और मणिपुर में उप महालेखाकार/वरिष्ठ उप महालेखाकार समेत प्रमुख पदों पर कार्य कर चुके हैं।